हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 13 मई 2024

11 मतदान करने पर ही आप चुने हुए प्रतिनिधि से ...

12 नहर में 200 क्यूसिक पानी पहुंचा, 16 तक एक समय ..


किराया हर महीने गारंटीड और कीमत बढ़ौतरी
44 फुट चौड़ी सड़कें, पार्किंग व सीवर, पानी
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
दुकान, कोठी, प्लॉट व फार्म हाउस खरीदें
शुरू 11 लाख में दुकान
NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 9832100038
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें।
हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- डबल पार्क कम्युनिटी सेंटर हॉल में बेरोजगार हल्ला बोल सम्मेलन सुबह 10:15 बजे
- गोहाना स्टैंड पर रोहतक व्यापार मंडल के सहयोग से जनसभा शाम 7.30 बजे से
- नगर निगम की टीम विशेष सफाई अभियान चलाएगी सुबह 9.30 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से

## जिलेभर में 10,742 बच्चों ने दी थी परीक्षा, 10,325 सफल हुए, परीक्षा परिणाम देख बच्चों के चेहरे खिल उठे

# हरियाणा बोर्ड: 10वीं में 96.12 प्रतिशत बच्चे पास

- विभिन्न स्कूलों ने भी मेरिट में आए बच्चों को स्कूल बुलाकर उन्हें प्रोत्साहित किया और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरिणाणा बोर्ड का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। रोहतक जिले का पास प्रतिशत इस बार 96.12 रहा। सुबह करीब 11:30 बजे विभाग की वेबसाइट पर परिणाम को अपलोड कर दिया गया। परीक्षा परिणाम देख बच्चों के चेहरे खिल उठे। बच्चों के साथ साथ अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन की खुशी का भी ठिकाना नहीं था। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर सभी ने खुशी जाहिर की। बता दें कि जिले में इस बार 10742 बच्चों ने 10वीं की परीक्षा दी थी, इसमें से 10325 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

### स्कूलों में मनाई गई खुशी

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों ने एक दूसरे को फोन करके अपने अपने प्रतिशत बताए। वहीं विभिन्न स्कूलों ने भी मेरिट में आए बच्चों को स्कूल बुलाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। साथ ही मुंह मीठा भी करवाया।

### कैफे पर रही भीड़

परिणाम घोषित होने के बाद शहर के विभिन्न इंटरनेट कैफे पर बच्चों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। लिंक पर जाकर रोलनंबर डालने के बाद बच्चों ने अपना परीक्षा परिणाम देखा। उत्तीर्ण हुए बच्चों चेहरे पर सफलता की मुस्कान छा गई।शिक्षा विभाग ने शनिवार को ही यह बता दिया था कि दसवीं का परीक्षा परिणाम रविवार को सुबह 11 बजे के बाद घोषित कर दिया जाएगा।

### बधाई दी

सलाह राज्य कार्यकारी प्रधान अशोक शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं पास करने पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने सभी लैक्चरर की मेहनत सफल होने पर भी उनको बधाई दी। बोर्ड अध्यक्ष वीपी यादव को भी इतने कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए बधाई दी।



रोहतक। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आने पर खुशी मनाते हुए विद्यार्थी।






### नवयुग स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

नेहरू कॉलोनी स्थित नवयुग स्कूल का हरियाणा बोर्ड का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 77 छात्रों में से 61 छात्रों ने मेरिट और बाकि सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में आकर स्कूल और माता पिता का नाम रोशन किया। इसमें 20 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा, 21 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा, 20 बच्चों ने 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किया। वहीं 15 बच्चे प्रथम श्रेणी में आए। खुशी 96.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम, दीक्षा 96.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और रिया ने 96 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा प्राची ने 477, आरुषि ने 476, रितिका ने 474, देवांशी ने 473, सुनीता ने 467, सिमरन ने 464, मोनिका और राहुल ने 463, अंजलि ने 461, दिपांशु ने 460, अदिति और अनुराधा ने 459, अकांशा ने 456, रिंकू ने 452, परिधि ने 450, रतन और समिक्षा ने 448 नंबर हासिल किए। अध्यापकों ने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। स्कूल निदेशक ऋषिराज निनानिया ने कहा कि बच्चों की लगन, स्कूल के अध्यापकों की मेहनत से ही ऐसा हो पाया है। इस अवसर पर स्कूल संस्थापक दयानंद निनानिया, प्रधानाचार्या गीता जांगड़ा, मुख्याध्यापिका मनीषा शर्मा, कक्षा इंचार्ज मंजु कलकल, अध्यापकगण विकता, भावना, रीना, सुमेर, प्रदीप लडवाल, वर्षा, कविता, संजीव सांगवान, नरेश लठवाल, नवीन, वीना आदि मौजूद रहे।

### विद्या प्रकाश हाई स्कूल में रक्षिता प्रथम रही

विद्या प्रकाश हाई स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा रक्षिता ने गणित, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। रक्षिता ने 500 में से 491 अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सोनिया और तुषार 484 अंकों के साथ दूसरे व नंदिता ने 483 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। 8 विद्यार्थियों ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय में कुल 70 विद्यार्थियों में से 54 विद्यार्थियों ने मेरिट में हासिल की तथा शेष विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार व प्राचार्य मंजू देवी ने सभी छात्रों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी व सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### श्री बालाजी धाम पर स्वास्थ्य जांच शिविर

रोहतक। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डोभ के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार स्वास्थ्य जांच शिविर, संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाता है। डॉ. दिनेश कुमार ने आखों के मरीजों की जांच की। डॉ. अशोक रोहिल्ला डोभ ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, सर्दी, खांसी, बुखार, पेट, कान, नाक, गले की समस्या के मरीजों का स्वास्थ्य जांचा। डॉ. ऋतू ने दांतों के मरीजों का ईलाज किया। इस अवसर पर एडवोकेट रमेश खुराना महासचिव व्यापार मंडल हरियाणा, सुरेश गर्ग, संजय यादव, रमेश गुप्ता, रवि चिटकारा, दीपक प्रकाश जैन, पवन सरीन, बिट्टू दुआ, पंडित नरेश आदि मौजूद रहे।



### मरने वाले का मित्र दान है : आचार्य रविंद्र

रोहतक। दान तीन प्रकार का होता है। जो परोपकार के लिए दिया जाए वह उत्तम दान है। अपने सुख के लिये या यश के लिए दिया गया दान मध्यम कोटि का है। ये विचार आचार्य रविंद्र ने आर्य समाज रूपनगर के 43वें स्थापना दिवस पर आयोजित त्रि-दिवसीय आयोजन की पूर्णाहुति के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने दान की महिमा बताते हुए कहा कि दान श्रद्धा से देना चाहिए। दान से धन की शुद्धि होती है। धन को द्रव्य कहते हैं। द्रव्य का लक्षण है बहना। युधिष्ठिर ने यक्ष को उत्तर देते हुए कहा था कि मरने वाले का मित्र दान है। यज्ञ के तीन अर्थ हैं। देवपूजा, दान और संगतिकरण। सत्य को प्रिय बनाकर बोलना चाहिए। परमात्मा की कृपा प्राप्त करने के लिए योग्य बनना चाहिए। दान, भोग और नाश धन की यह तीन गति होती हैं। इससे पूर्व दैनिक यज्ञ एवं भजनों का मनोहारी कार्यक्रम हुआ। आर्य वीर दल की रूपनगर शाखा के बच्चों ने व्यायाम प्रदर्शन किया।

# 5 मई को गांव मकड़ौली कलां से लापता युवक का शव खेतों में मिला

**एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव मकड़ौली कलां से लापता युवक का शव रविवार को खेतों में बरामद हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेजा गया। मामले की जांच की जा रही है। युवक पांच मई से लापता था।

जानकारी के मुताबकि, 5 मई को मकड़ौली गांव का रहने वाला रवीश किसी काम के चलते घर से निकला था। लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सदर थाना में दर्ज कराई गई थी। रविवार दोपहर परिजनों को सूचना मिली कि रवीश का शव खेतों में पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाकर जांच करवाई गई। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया गया है। परिजनों ने हालांकि अभी तक किसी पर शक नहीं जताया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा कि उसकी मौत कैसे हुई है।


रोहतक। मृतक का फाइल फोटो एवं मौके पर जांच करते हुए एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि




### मातृ दिवस पर सम्मानित किया

रोहतक। मातृ दिवस पर युगानुगूंज साहित्यिक और सांस्कृतिक समुदाय की रोहतक की ऑफलाइन काव्य गोष्ठी में शाम लाल कौशल, जयसिंह , पवन गहलोत, डॉ तरूणा सचदेव, अंजू कपूर गांधी, निधि गुप्ता व रीतू गुप्ता को सिटी हेड बृज बाला गुप्ता ने मातृ दिवस पर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए शहीद स्मारक पर समारोह आयोजित

# शहीद मुकेश की पुण्यतिथि पर किए गए याद श्रद्धांजलि देने पहुंचे आईटीबीपी अधिकारी

**सिपाही मुकेश कुमार 9 मई 2020 को अरुणाचल में चीन सीमा पर कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हो गए थे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम के अमर शहीद सिपाही मुकेश कुमार को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर याद किया गया। कस्बे के भिवानी रोड पर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए उनके शहीद स्मारक पर आईटीबी द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में महम के नायब तहसीलदार डॉ. प्रमोद कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान नायब तहसीलदार डॉ. प्रमोद कुमार व आईटीबीपी के एसिस्टेंट कमांडेंट रामकिशोर राठी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित किए। साथ ही कानूनगो मनोज कुमार, पूर्व पार्षद जोगिंद्र खुरना, आईटीबीपी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, सेवानिवृत इंस्पेक्टर सुनेहरा सिंह व नागरिक अस्पताल महम के हैल्थ इंस्पेक्टर सुनील कुमार अहलावत समेत शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अमर शहीद सिपाही मुकेश कुमार की प्रतिमा पर पुष्प भेंट कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।


महम। शहीद मुकेश कुमार की माता को शॉल ओढाकर सम्मानित करते आईटीबीपी के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### शॉल भेंट कर सम्मानित किया

इस मौके पर शहीद मुकेश कुमार के माता पिता को आईटीबीपी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही आईटीबीपी अधिकारियों ने शहीद के परिजनों से यह पूछा कि उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं है। पेंशन और अन्य लाभ उन्हें सही प्रकार से प्राप्त हो रहे हैं या नहीं। सभी ने शहीद मुकेश कुमार के देश के प्रति सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें याद किया और उनको नमन किया। महम निवासी सिपाही मुकेश कुमार 9 मई 2020 को अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा पर तैनाती के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हो गए थे। इस सर्वोच्च बलिदान के लिए शहीद के पिता रामरूप सिंह और उनकी माता की सराहना की। सभी वक्ताओं ने कहा कि उनके बेटे ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।

# गिरावड़: खेत की मेड़ काटने पर हुआ विवाद, दो घायल, तीन पर केस दर्ज

- घायलों को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव गिरावड़ में खेत की मेंढ काटने को लेकर हुए विवाद में दो किसानों पर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें दोनों किसान घायल हो गए। इस संबंध में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गिरावड़ गांव निवासी दर्शन पुत्र रामफल ने बताया कि उसके छोटे भाई कर्मबीर व छबीला दोनों की खेत में डोले को लेकर कहासुनी हो गई थी। क्योंकि छबीला ने खेत की डोल को काट लिया था। डोले का फैसला करवाने के लिए वह छबीला व कर्मबीर के साथ खेत में गया था। सुबह 8 बजे का समय था। खेत के डोले को लेकर सारी गलतियां छबीला में निकल रही थी। वह और कर्मबीर बार बार छबीला को समझा रहे थे। मौके पर छबीला के लड़के दीपक व सर्वर भी मौजूद थे।

### कस्सी से वार किया

छबीला ने अपने दोनों लड़कों को कहा कि दर्शन व कर्मबीर को जान से मार दो। इतना कहते ही सर्वर ने उस पर और कर्मबीर पर कस्सी से वार किया। दीपक ने रॉड से हमला किया। छबीला ने डंडे से वार किए। तीनों पिता पुत्र उन पर वार करते रहे। जिस वजह से वे बेहोश हो गए। वे दोनों को मरा हुआ समझकर वहां से भाग गए। बाद में गांव के लोग और परिवार के लोग वहां पर पहुंचे। परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया। दर्शन ने बताया कि उसको तो उपचार के बाद छुट्टी मिल गई है, जबकि उसका भाई कर्मबीर अब भी रोहतक पीजीआई में भर्ती है। पुलिस ने इस संबंध में गिरावड़ गांव निवासी छबीला और उसके बेटे दीपक व सर्वर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## विभिन्न नामों से जाना जाता है पलाश

पलाश पुष्पों का रंग लौ जैसा होने के कारण ही साहित्यकारों ने इसे 'फ्लेग ऑफ फारेस्ट' नाम दिया होगा। पलाश को ही टेसू या ढाक कहा जाता है। किशुंक, रक्त पुष्पक, पर्ण, यज्ञिय, बह्म वृक्ष, छौला, क्षार श्रेष्ठ आदि इसके अन्य नाम हैं। पलाश को हरियाणवी में ढाक, पंजाबी में पालक चचड़ा, गुजराती में खाखरो, मराठी में पलास, बंगाली में पलाश गांछ, कन्नड़ में मुतुगा, तेलगु में मोटुग या मादूक, चेट्, तमिल में परशन, उड़ीसा ;उड़यिाद्व में पोरासु, किंजुकों,लैटिन में ब्यूटिया पार्किफ्लोराआदि नामों से पुकारा जाता है।

# प्रदेश में विलुप्त होने के कगार पर पलाश

हरियाणा की जमीं पर हरे-भरे जंगल बहुत अधिक मात्रा में थे। नीम, बड़, पीपल, इमली, कैम, कैन्दू, पलखण, सरस, शीशम, जाल, जांटी, फ्रास, शहतूत के अलावा कुछ अन्य फलदार, छायादार तथा फूलदार वृक्षों की भरमार थी। फूलदार वक्षों में पलाश (ढाक) के वृक्षों के यहां भरपूर जंगल थे, किन्तु अब मिटने के करीब हैं। पलाश सबको लुभाने वाला सुन्दर पुष्पों वाला वृक्ष है।

कुदरत | डॉ. ओमप्रकाश कादयान



कभी सात-सात नदियों के जल से सींची जाने वाली हरियाणा की जमीं पर हरे-भरे जंगल बहुत अधिक मात्रा में थे। नीम, बड़, पीपल, इमली, कैम, कैन्दू, पलखण, सरस, शीशम, जाल, जांटी, फ्रास, शहतूत के अलावा कुछ अन्य फलदार, छायादार तथा फूलदार वृक्षों की भरमार थी। फूलदार वक्षों में पलाश (ढाक) के वृक्षों के यहां भरपूर जंगल थे, किन्तु अब मिटने के करीब हैं। पलाश सबको लुभाने वाला सुन्दर पुष्पों वाला वृक्ष है। जब सेमल खिल कर, अपने लाल-नारंगी पुष्पों की आभा लुटाकर, अपने एक-एक करके सभी फूल झाड़ चुके होते हैं तब बारी आती है 'बसन्त' के प्रिय पुष्प 'पलाश' के खिलने की। बसन्त का स्नेह-स्पर्श पाकर जब पलाश अपनी अद्वितीय, मनोहारी आभा लुटाता है तो दूर तक पता चल जाता है कि पलाश दहकने - मुस्कराने लगा है।

फरवरी-मार्च में जब पलाश के सारे पत्ते झड़ जाते हैं तो पेड़ नग्न हो जाता है। फिर समस्त टहनियों से काली-काली डोडियां निकलती हैं, फूल खिलने की तैयारी शुरू हो जाती है। कुछ ही दिन में देखते-देखते समस्त वृक्ष रक्तवर्णी कुसुमों में लद जाता है। हरियाणा में मार्च के अन्त व अप्रैल में पलाश के जंगलों का दृश्य देखते ही बनता था। दूर से देखने पर ऐसा लगता था मानो सूखे पेड़ों के जंगल में भंयकर आग लगी हो, किन्तु यह आग जलाने वाली नहीं, बल्कि सौन्दर्य लुटाने वाली होती थी। ढाक के वृक्ष के बीच अंकुरित होकर उसे फलने-फूलने के लिये जिस मिट्टी, भौगोलिक स्थिति व वातावरण की आवश्यकता होती है।

हरियाणा की जमी उसके अनुकूल रही है। ये बात अलग है कि यहां के कई भू भागों की भोगौलिक स्थिति में थोड़ा बहुत अन्तर रहा है, उसके बावजूद हरियाणा के करीब हर हिस्से में ढाक यानी पलाश के वृक्ष देखने को मिल जाया करते थे। गंगा के कई पठारों, पलामू के जंगलों या बेतवा नदी के किनारे बसे ओरछा के जंगलों की तरह हरियाणा में भी पलाश दहका करते थे। आबादी बढ़ती गई, जंगलों की जगह नये-नये गांव बसते गये, गांवों से कस्बे, कस्बों से शहर बनते गये। शहरों ने अपने पैर इतनी लम्बी दूरी तक पैफलाये कि जंगलों को फलने-फूलने की जगह ही नहीं छोड़ी। जंगल कटकर खेत बनते गये, खेत बस्तियों में बदलते गये। परिणामस्वरूप हरियाणा से जंगलों का सपफाया हो गया। पलास भी कटते गये, घटते गये। इसके



बावजूद भी कुछ दशक पूर्व तक हरियाणा के विभिन्न भागों में, खेतों में, खेतों के किनारों पर, जोहड़ों के किनारों, बणियों में, गितवाड़ों में काफी संख्या में पलाश देखने को मिल जाया करते थे। किन्तु एक तो वातावरण में आये बदलाव के कारण पलाश के पेड़ अधउम्र में ही सूख गये, कुछ इस वृक्ष के प्रति हमारी घटती रुचि के कारण इनकी संख्या गिनी-चुनी ही रह गई है। पुराने पेड़ या तो सूख रहे हैं, या लकड़ी की पूर्ति के लिए हरे को ही काट लिया जाता हैं, नए पेड़ लगाए नहीं जा रहे हैं।

### सैकड़ों पेड़ हटा दिए

हमारे देखते-देखते पिछले 15-20 वर्षों में सैकड़ों वृक्ष अपनी जमीन से हटा दिए गए। पहले झज्जर, रोहतक, सोनीपत, भिवानी, हिसार, सिरसा, महेन्द्रगढ़, नारनौल, रेवाड़ी, कुरूक्षेत्रा, यमुनानगर, जीन्द के इलाकों में पलाश के वृक्ष खूब नजर आते थे। दुःख की बात है कि अब जो भी थोड़े बहुत पलाश बचे हैं वो भी तेज गति से खत्म हो रहे हैं। गत 5-6 वर्षों में रोहतक के आसपास सोनीपत रोड तथा चण्डीगढ़ रोड़ के बीच 25-30 वृक्ष खत्म हो चुके हैं। अब यहां केवल तीन-चार पलाश ही बचे हैं। झज्जर से बादली रोड पर भी अब पलाश नजर नहीं आते। बेरी की थलियों में एक बहुत भारी भरकम पलाश दो-तीन वर्ष पहले नजर आना बन्द हो गया। हिसार शहर के अन्दर ही दो-तीन साल में कई पेड़ काट दिए गए। मात्रा दो-तीन पेड़ कृषि विश्वविद्यालय के अन्दर तथा दो-तीन बाहर की आबादी में शेष हैं। पिहोवा-कुरुक्षेत्र रोड, कुरुक्षेत्र-यमुनानगर रोड, करनाल-चण्डीगढ़ रोड़ पर कुछ पलाश बचे हैं। पंचकूला से मोरनी रोड़ तथा मोरनी की पहाड़ियों पर अन्य कुछ जगहों पर कुछ पलाश बाकी हैं जो मार्च-अप्रैल में अपनी आब लुटाते हैं।

कालका क्षेत्र की कुछ पहाड़ियों पर आपको पलाश दहकते दिखाई दे सकते हैं। कालका-शिमला रेलमार्ग पर कालका स्टेशन से कुछ किलोमीटर दूर तक कुछ पलाश बचे हुए हैं। महम-भिवानी रोड पर भी अब कोई पलाश नहीं बचा है। इस रोड के अन्दर के किसी गांव में दो-तीन पेड़ शेष हैं। जिनमें से एक बहुत बड़ा वृक्ष भी बचा है। यमुनानगर में यमुना के किनारे या कुछ शिवालिक पहाड़ी इलाकों में भी एकाध ही पलाश देखने को मिलता है। हां हथनी कुण्ड के आस-पास पहाड़ी इलाकों में धेला ढाक के कुछ जंगल अवश्य बचे हुए हैं। जो अप्रैल माह में लोगों का ध्यान अनायास ही अपने सौन्दर्य से आकर्षित कर लेते हैं। यह दुःख की बात है कि अगर हम पलाश के वृक्षों के प्रति गंभीर नहीं हुये तो कुछ ही वर्षों में हरियाणा से पलाश का नामोनिशान मिट जायेगा। एक बहुउपयोगी व सुन्दर पुष्प वृक्ष को हम जड़ मूल से गवां बैठेंगे। अगर हरियाणा की जमीन पर हमने इस वृक्ष को बचाना है तो इसके प्रति हमें चिंतित होना पड़ेगा।

### बचाव में आगे आना होगा

हरियाणा के कृषि वैज्ञानिकों को इसके बचाव में आगे आना होगा तथा सरकारी तौर पर भी विशेष कदम उठाने होंगे। किसानों को इसकी उपयोगिता की जानकारी देकर पलाश (ढ़ाक) के प्रति रुचि जगानी होगी। सरकारी नर्सरियों में इसकी पौध तैयार करके किसानों को या आम लोगों को मुफ्त उपलब्ध करवानी होगी तथा सरकारी प्रयासों से या आदेशों से शिक्षण संस्थाओं या अन्य सरकारी संस्थाओं, पार्कों में, सड़कों के दोनों ओर रोपाई करवानी होगी। शहर के पार्कों तक में इसे पहुंचाना चाहिए तभी इस वृक्ष का अस्तित्व बच सकता है।

खान-पान | राज कुमार नरवाल

**पलायन**
गले को तर करने वाली चीजें पलायन कर गई

**फायदेमंद**
शीत, राबड़ी, दलिया, खिचड़ी व गोजी सेहत के लिए फायदेमंद



# कहां खो गई गोजी राबड़ी व लापसी

आजकल गांव में किसी बच्चे को राबड़ी, गोजी व लापसी लाने को कह दें तो वह आपका मुंह ताकने लगेगा, क्योंकि गर्मी में गले को तर करने वाली ये चीजें गांवों से मानो पलायन कर गई हैं। हर कोई शीतल पेय के पीछे दौड़ रहा है। नई पीढ़ी को ये सब बनाना भी नहीं आता, जबकि सच्चाई यह है कि दिमाग को ठंडा रखने वाले ये व्यंजन बाजारू पेय पदार्थों से सस्ते तो पड़ते ही हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। गर्मी के मौसम में यदि सुबह राबड़ी, गोजी व लापसी का प्रयोग किया जाए तो दिनभर व्यक्ति तृप्त रहता है और भूख व प्यास भी कम लगती है। लेकिन नई पीढ़ी की औरतों को राबड़ी, गोजी व लापसी के महत्त्व का ही नहीं पता। यदि घर में किसी बुजुर्ग का मन राबड़ी पीने को कर जाए तो मुश्किल से ही कोई ऐसा घर होगा, कि उस घर की औरत उसकी इस इच्छा को पूरी कर सके। हां बुजुर्ग को यह शब्द सुनने को जरूर मिल सकता है, इब कोण पीवै सै राबड़ी, उसनै कोनी बणाणी आंदी राबड़ी-रुबड़ी। घर में सारी चीजों की मौज सै, के जरूरत सै इन चीजां की, ये तो गरीब आदमी पीया करदे, लेकिन ऐसा कहने वाली औरतों को यह भ्रम ही है। क्योंकि उनको इनके स्वाद का ही पता नहीं है। आज के युवा वर्ग पर जंक फूड व कोल्ड ड्रिंक इस कदर हावी हो गए हैं कि जब देखो उनके हाथ में ये चीजें मिलती हैं। इन पेय व खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभाव का शायद इनको पता नहीं है। ये चीजें उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती हैं और धन की भी बर्बादी होती है। जबकि हरियाणवीं व्यंजन शीत, राबड़ी, दलिया, खिचड़ी व गोजी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं। राबड़ी बनाने से पहले आवश्यकतानुसार चना, बाजारा या मोठ का आटा ले लें। इसके बाद इसे लस्सी में मिलाकर धूप में रख ददिश जाता था। दो घंटे बाद यह मिश्रण खट्टा हो जाता। उसके बाद लस्सी के बराबर मात्रा में पानी मिलाकर चूल्हे पर उबाला जाता। उसके बाद लस्सी व आटे के मिश्रण को इसमें मिला देते थे। स्वादानुसार इसमें नमक डालकर और इसे चूल्हे से उतार देते थे। उसके बाद राबड़ी तैयार हो जाएगी। इसके बाद इस मिश्रण को सुबह ताजी लस्सी में मिलाकर पीएं।

लघुकथा | रजनी जैन एडवोकेट



## माँ जैसा कोई नहीं

माँ और भगवान का दर्जा एक समान फर्क सिर्फ इतना माँ दृश्यमान.. माँ का प्यार है बड़ा अनोखा, कभी डांटती है.. हमें तो खुद ही सीने से लगाकर रोने लग जाती है.. ऐसी होती है माँ.. खुद गीले में सो कर शिशु को सूखे में सुलाती है माँ.. जीवन का पहला पाठ सिखाती है माँ..बच्चों के सुख दुख को अपना सुख दुख बना लेती है माँ.. घर में रोटी कम हो मुझे भूख नहीं है.. यह कहकर भूखी सो जाती है माँ.. जीवन की हर तपती धूप में, हमें आँचल में छुपा लेती है माँ.. दुनिया में सबसे नरम है माँ की गोद.. लेटे-लेटे कब नींद का आ जाना.. पता ही नहीं चलता, ऐसी होती है माँ.. आदर्श से भारी गागर है माँ..संतान का पूरा संसार है माँ.. दिल की धड़कन है माँ.. बच्चों की संस्कार है माँ.. जीवन की सुगंध है माँ.. अपने बच्चों की सुरक्षा कवच माँ..बच्चों के मन मंदिर में पूजा योग्य भगवान है माँ.. यह कविता मैं हर माँ को समर्पित करती हूँ।

कविता | दिनेश दिनकर



## उसकी खिड़की की ओर

चाँद ढलते ही,
सूरज चढ़ते ही,
बारिश को चीरकर
धूप को खींचकर,
हवा में तैरकर,
दुनिया की फ़िक्र को धुआँ कर,
कभी नए सपने सजाने के लिए,
तो कभी पुरानों को दोहराने
के लिए,
मैं हर क्षण उसके दीदार के लिए,
उसके इकरार के लिए,
उसकी ओर
उसकी खिड़की की ओर,
बस ! देखता ही रहता हूँ
कि वो मेरी हो जाए
अनन्त काल के लिए.....

लघुकथा | मोनिका राज



## खोखले वादे

विनय जी अभी घर से बाहर निकले ही थे कि सामने से जा रही कार कीचड़ उछलते हुए तेज़ी से उनके सामने से गुज़र गई। विनय जी गुस्से से भुनभुनाते हुए अपने कपड़े साफ करने लगे तभी उनके वार्ड के पार्षद सामने से आते हुए दिखे। विनय जी उनके सामने आए और शिकायती लहज़े में कहा, 'देख रहे हैं पार्षद जी, सड़क की स्थिति। पिछले साल से ही स्थिति खराब है। आपने चुनाव से पहले वादा किया था कि अगर आप जीते तो सड़क की शीघ्र मरम्मत करवाएंगे पर एक साल बीतने को है पर आपने अब तक कुछ नहीं किया। पार्षद ने पान की पीक फेंकते हुए बड़ी ढिठाई के साथ कहा, 'क्या विनय जी, आप भी पुरानी बातों को लेकर बैठे हैं। हमने बात तो की ही थी चैयरमैन साहब से। उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि अगले चुनाव के बाद ज़रूर सड़क की मरम्मत की बात की जाएगी। तब तक आप भी थोड़ा एडजस्ट कीजिए। एक-आध महीने की तो बात है, फिर बारिश भी ख़त्म हो जाएगी और साथ ही कीचड़ की समस्या भी।' कहते हुएआगे बढ़ गए। पार्षद की बात सुन विनय ठगे से रह गए। चुनावी खोखले वादों का सच उनके सामने आ चुका था।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

किसान | मोटा मुनाफा कमाने का बताया फार्मूला



# फूलों की खेती से मालामाल हुआ जांडलीकलां का किसान

**मुनाफा**
परंपरागत खेती से फूलों में दोगुना मुनाफा

**उपजाऊ**
फूलों की खेती से जमीन की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ती है

**उपजाऊ**
डेकोरेशन में रंग बिरंगे फूलों की भारी डिमांड

बातचीत | दलबीर सिंह भूना

फूलों की खेती वर्तमान दौर में किसानों के लिए फायदे का सौदा है। बड़े पैमाने पर धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा साज-सज्जा के कामों में भी फूलों का उपयोग होता है। आए दिन होने वाले बड़े आयोजनों में फूलों से की जाने वाली डेकोरेशन में आकर्षक रंग बिरंगे फूलों की भारी डिमांड होती है। अब लोकसभा चुनाव के किसानों को कारण अच्छी कमाई की उम्मीद है। संभावनाओं को पहचानते हुए जांडलीकला गांव के एक किसान बाप-बेटे ने मिलकर फूलों की खेती में कामयाबी के झंडे गाड़े हैं। किसान तीन एकड़ रेड माल्टा के बाग में विभिन्न प्रकार के फूलों की खेती कर फूलों से अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।



### त्योहार पर कीमत हो जाती है दोगुनी

जांडलीकला गांव में फूलों की खेती कर रहे किसान सतपाल भैरो व उसके बेटे रविंद्र भैरो के फूलों की महक जिला फतेहाबाद में ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में महक रही है। किसान सतपाल सिंह भैरो पिछले कई महिनों से फूलों की खेती कर रहे हैं। जिसमें गेंदा व गुलदावदी के फूलों की खेती कर रहे है। एक एकड़ में 10 से 20 हजार रुपये की लागत लग जाती है। लागत निकाल कर करीब एक लाख रुपये बच जाता है। मंडी काफी दूरी होने के कारण किसान फूल लगाने में रुचि नहीं लेते हैं। अगर फूल मंडी और कोल्ड स्टोरेज बन जाएगा तो किसान फूल की खेती कर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

### अनपढ़ किसान ने खेती के बदल दिए मायने

किसान सतपाल सिंह भैरो की पिछले कई वर्षों से परंपरागत खेती में ही दिलचस्पी थी। लेकिन फसल में लागत से ज्यादा खर्च हो रहा था। किसान ने करीब 3 वर्ष पहले रेड माल्टा का उपरोक्त जमीन में भाग लगा दिया और सह खेती का उत्पादन लेकर आर्थिक रूप से संपन्न होने लगा। रेड माल्टा बाग में नेमाटोड़ बीमारी से बचने के लिए सह फूलों की खेती की तरफ किसान ने रुझान बढ़ाया। जिससे किसान सतपाल भैरो ने सह खेती के रूप में फूलों से लाखों रुपये प्रति एकड़ कमाए। इसलिए किसान ने अब फूलों की खेती में आमदनी बढ़ाने पर 12वीं पास अपने बेटे रविंद्र भैरो को भी सहयोग के लिए साथ लगा लिया है। फूलों से होने वाली आमदनी का हिसाब किताब रविन्द्र भैरो के हाथों में है और उसके पिता फूलों को तोड़ने से लेकर एजेंट तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। इसलिए किसान को कम खर्चे में अधिक आमदनी हो रही है।

### तो ले सकते हैं बड़ा फायदा

किसान रविन्द्र भैरो का कहना है कि खेती-किसानी में लाभ कमाने के लिए चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। फूलों की खेती के दौरान में कई प्रकार के कीट और रोगों के पनपने की संभावना भी रहती है। इसके अलावा, फूलों की तुड़ाई के बाद उनका भंडारण करना भी चुनौतपूर्ण काम है। ऐसा इसलिए क्योंकि फूलों की उपज को बाजार और मंडियों तक की जिम्मेदारी किसान की होती है। इसलिए फूलों का सही प्रकार से भंडारण करना जरूरी है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर आप भी फूलों की खेती करके सफल किसान बन सकते हैं। मंडी हिसार व पंचकूला तथा गुरुग्राम में होने के कारण किसान को फूल बेचने में थोड़ी परेशानी जरूर होती है। मगर परंपरागत खेती से दोगुना मुनाफा है।

# नई पीढ़ी को रंगमंच में पारंगत बना रहे रमेश भनवाला

◆ किसान परिवार में जन्म लेकर रंगमंच पर बनाई अलग पहचान ◆ नाटकों के जरिये सामाजिक बुराइयों पर चोट ◆ माता-पिता और पूरे परिवार का मिला सहयोग

कलाकार | शशि कांत चौहान

देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके रमेश भनवाला अब बच्चों को रंगमंच की कला में पारंगत बना कर थियेटर को नई दिशा दे रहे हैं। इसके लिए वे जगह-जगह कार्यशालाओं में जाते हैं और वहां पर बच्चों को अभिनय की बारीकियां समझाते हैं जिससे वे अपने क्षेत्र में विलक्षण प्रदर्शन कर सकें। इसी कड़ी में हाल में में वे संस्कार रंग टोली के जरिये गुवाहाटी में एक वर्कशॉप करके लौटे हैं।

रंगमंच का नाम आते ही सांग, नाटक, नौटंकी, रामलीला, नुक्कड़ नाटक व महिलाओं द्वारा गाए गए लोक गीत आंखों के सामने दृश्य बन घूमने लगते हैं। जींद जिले के गांव सिवाहा में साधारण किसान परिवार में जन्मे रमेश भनवाला ने नौंवी कक्षा में स्कूल स्तर से रगंमच की शुरूआत की थी। जिसमें पहला नाटक गांधी तेरे देश में एक व्यंग्यात्मक नाटक किया। पिता एमए दयानंद और माता मूर्ति देवी दोनों भले ही पढ़े लिखे न हों, लेकिन उन्होंने अपने बेटे के सपनों को परवाज दी और पूरा सहयोग दिया येउसी का परिणाम है कि आज रमेश भनवाला रंगमंच की दुनिया में जाना-माना नाम है।

हिंदी, एमए थियेटर एवं टेलीविजन पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली की संस्कार रंग टोली टीआईई कंपनी में ग्रीष्मकालीन चिल्ड्रन थियेटर वर्कशॉप में एक्सपर्ट के तौर पर काम किया, तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से बीएड की। रमेश भनवाला ने बताया कि घर में रगमंच का माहौल नहीं था। हरियाणा में साक्षरता अभियान





में नुक्कड़ नाटक करने का मौका मिला। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति में बहुत से नाटको में काम किया। रमेश बताते हैं कि उनके गुरु मंगतराम शास्त्री ने मउन्हें तराशा। अभिनय की दृष्टि से और विचार की दृष्टि से, 2016 से लगातार जीन्द में नवरस राष्ट्रीय नाट्य उत्सव लगातार करवा रहे है। रंगमंच के प्रति उनके समर्पण के कारण ही शहर के अन्दर रंगमंच का माहौल बन रहा है।

उन्होंने दर्शक अच्छी व सच्ची सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ व सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाली संस्कृति में फर्क करने में एक सोच विकसित की है। इस रंगमंच की विरासत को लगातार आगे ले जा रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने पलट कर नहीं देखा ओर रंगमंच की बुलंदियों को लगातार छूते चले गए।आज हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जिसके बारे में नई पीढ़ी को लुप्त हो रही रंगमंचीय विरासत के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, जबकि ग्रामीण आंचल में ये मनोरंजन के साथ संदेश तथा जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण माध्यम था। पुरानी पद्धति भंडेला, भांड, भोपा, बहरूपिये जैसे अनेक किरदार सांस्कृतिक विरासत रंगमंच का हिस्सा रहे हैं।

### जागरूकता का संदेश भी देता है रंगमंच

उन्होंने कहा कि रंगमंच आय का साधन नहीं बल्कि अपनी कला को बाहर निकाल ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बात रखना तथा लोगों को जागरूक करना भी है। रंगकर्मी रमेश भनवाला ने बताया कि आज के दौर में युवा भटकाव की तरफ है। मनोरंजन के नाम पर फूहड़ता परोसी जाती है। रंगमच मनोरंजन तो करवाता है साथ में जागरूक करते हुए संदेश भी देता है। रंगमंच में योगदान को देखते हुए रंगकर्मी रमेश भनवाला सामाजिक स्तर से लेकर स्टेट लेवल तक काफी बार सम्मानित किया जा चुका है।

### सांस्कृतिक विरासत को बढ़ा रहे आगे

समय के साथ हुए बदलाव में सांस्कृतिक धरोहर रगमंच तक जा पहुंची। उसी सांस्कृतिक विरासत को धरोहर के रूप में आगे ले जाने के सफल प्रयास रंगकर्मी रमेश भनवाला कर रहे हैं। बात रंगमच की हो या हरियाणवी सिनेमा या हिंदी सिनेमा के पर्दे पर, अपनी अनूठी छाप छोड़ रहा है। खास बात यह है कि रमेश भनवाला से रंगमच के गुर सीख कर उनके मार्गदर्शन में युवा हरियाणवी, बॉलीवुड फिल्मों में काम कर रहे हैं।

### 25 नाटकों का सफल निर्देशन

रमेश भनवाला अब तक 25 नाटकों का सफल निर्देशन के साथ 19 नाटकों में अभिनय कर चुके हैं। नाटक व नुक्कड़ नाटकों के पौने तीन सौ से ज्यादा शो कर चुके हैं। उनके निर्देशन में किए गए नाटक सामाजिक मुद्दों पर आधारित होते हैं। बोली, वेशभूषा मंचन का तरीका सीधा व साधारण होता है। नाटकों में सामाजिक, संदेश छिपा होता है। रमेश भनवाला अब तक की सात वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। जिसमें अखाड़ा ने खूब धूम मचाई। 12वीं आल्या प्यार लोगों की जेहन में जिंदा है। अखाड़ा टू, अग्निवीर, कांड 2010, काला कौन है, ढाई दिन अभी लॉचिंग पर है। वेब सीरीज में किए काम की रमेश भनवाला के काम की खूब तारीफ हो रही है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मियों को दी ट्रेनिंग

**बहादुरगढ़।** झज्जर पुलिस के जवानों को बहादुरगढ़ स्थित आईडीटीआर सेंटर में एसीपी धर्मवीर सिंह द्वारा लोकसभा चुनाव को नष्पिक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसीपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस की प्राथमिकता स्वतंत्र व नष्पिक्ष चुनाव संपन्न कराना है। इसलिए पोलिंग बूथों व ड्यूटी पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी ड्यूटी के दौरान नष्पिक्षता के साथ काम करें।

### नाले में गिरने से प्रवासी युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में एक प्रवासी मजदूर नाले में गिर गया। उसे बहादुरगढ़ में लाया गया तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव को नागरिक अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय धीरज के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से यहां आया हुआ था। बुपनिया के खेतों में मजदूरी करता था। रविवार को वह खेतों के नजदीक से गुजर रहे नाले में गिरा हुआ मिला।

### फंदा लगाने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** बिहार मूल के एक युवक की यहां फंदा लगाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय राजकुमार के रूप में हुई है। मूलतः बिहार के समस्तीपुर जिले से था। पिछले कुछ समय से यहां गांव जाखोदा में रह रहा था। सेक्टर-17 में स्थित एक कंपनी में ठेकेदार था। शनिवार की रात को उसका शव कमरे में लटका देखा गया। जब तक उसे संभाला जाता देर हो चुकी थी। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा कर उसके परिजनों से संपर्क किया।

### सिलेंडर में लगी आग से घर का सामान राख

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन में सिलेंडर में आग लगने से घर में रखा सामान और गेहूं की बोरियां जल गई। वहीं एक बुजुर्ग महिला भी आग से झुलस गई। बुजुर्ग महिला के शोर मचाने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया। आनन-फानन में सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। करीब आधे घंटे बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सामान जलकर राख हो चुका था।

---

### 11 दस्तावेज दिखाकर डाली जा सकती है वोट

# मतदान करने पर ही आप चुने हुए प्रतिनिधि से सवाल करने के अधिकारी

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत का करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मतदान के अब दो सप्ताह भी शेष नहीं हैं। प्रशासन तमाम तरह की तैयारियों को अब शनैःशनैः अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक हो। इसके लिए तमाम इंतजाम किए जाएंगे। मतदाता निर्भय होकर वोट डालें, ये भी प्रशासन सुनिश्चित करेगा। मतदान करने के बाद ही आप किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि से सवाल करने के अधिकारी बनते हैं। यानि के अगर आपने वोट ही नहीं डाला था तो फिर प्रतिनिधि से किसी हैसियत से अपने इलाकों की समस्याओं को लेकर प्रश्न पूछ सकते हैं। लोकतंत्र की नींव तब ही मजबूत होंगी,जब हम सभी वोट डालेंगे। लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रशासन भी निरंतर अभियान चलाए हुआ है।

प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। मतदान में वह मतदाता वोट डाल सकता है, जिसका नाम मतदाता सूची में है। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने तथा मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की स्थिति में भी मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है। बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम वोटर सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है, जब उसका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो।

मतदाता वोट डालने के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड को निर्वाचन आयोग ने वैध माना है।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी वैशाली सिंह ने मतदाताओं विशेषकर महिलाओं तथा पहली बार मतदाता बने युवाओं का आह्वान किया कि वे 25 मई को लोकसभा चुनाव में अपने सभी कामकाज छोड़कर सबसे पहले मताधिकार का प्रयोग करें। देश में बिना भेदभाव महिला एवं पुरूष सभी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मताधिकार का समान अधिकार दिया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त रविवार को शहर में एक संस्थान द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थितगण को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व उन्होंने हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर किये तथा मौजूदा शहरवासियों को मतदान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का वोट भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना पुरूषों का वोट महत्वपूर्ण है। सभी पात्र महिलाएं 25 मई को अपने रोजमर्रा के कार्य को छोड़कर सबसे पहले मताधिकार का प्रयोग करें।

स्वीप की नोडल अधिकारी वैशाली सिंह ने बताया कि जिला में पहली बार मतदाता बने युवक व युवतियां भी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने पर यह अहसास होगा कि मताधिकार का प्रयोग करना गर्व की बात है। इससे हम देश की दिशा तय करने में अपनी भूमिका अदा करते है। उन्होंने उपस्थितगण से कहा कि वे परिजनों, पड़ोसियों, दोस्तों तथा रिश्तेदारों को भी लोकसभा आम चुनाव में निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें।

शहर के उद्योगपति राजेश जैन ने भी मतदाताओं से अपील की है, वे 25 को कुछ समय देश के लिए जरूर निकालकर वोट जरूर डालें। वोट डालने के बाद भी कोई व्यक्ति सरकार पर सवाल खड़े सकता है। उन्होंने कहा कि वोट डालना बहुत जरूरी है। 18 साल से अधिक आयु वाले हर व्यक्ति मतदान करें। देश की समृद्धि और तरक्की के लिए मतदान करना चाहिए।



**रोहतक।** शपथ लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, उद्योगपति राजेश जैन, दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के कुलपति गजेंद्र चौहान व अन्य ।

#### वेबसाइट से मतदाता सूची करें चेक

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट सीईओईसीआई हरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है।
-उपायुक्त, अजय कुमार

#### मतदान आपका अधिकार

दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के कुलपति गजेंद्र चौहान ने कहा कि मतदान आपका अधिकार है। 25 मई को पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। चुनाव का यह पर्व 5 साल में एक बार आता है और काम करने वाली सरकार को चुने। उन्होंने उम्मीद जताई कि मतदान के लिए सभी बढ़ चढकर भाग लेंगे। वीसी चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थितगण को मतदाता शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह जरूरी है कि सभी मतदाता मतदान में भाग अवश्य लें। उन्होंने उपस्थितगण को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलवाई।

---

### मार्केट न्यूज

## लोहचब महिंद्रा ने लॉन्च की एक्सयूवी थ्रीएक्सओ

**रोहतक।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने एक्सयूवी थ्रीएक्सओ लॉन्च कर दी है। जिसकी कीमत 7.49 लाख रुपए से शुरू होती है। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नए स्टैंडर्ड बनाते हुए एक्सयूवी थ्रीएक्सओ असाधारण डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आरामदायक सवारी, अत्याधुनिक तकनीक, रोमांचक प्रदर्शन और बेजोड़ सुरक्षा का संयोजन है। कई सेगमेंट में आकर्षक एक्सयूवी थ्रीएक्सओ नए जमाने के एसयूवी खरीदारों की उम्मीदों से कहीं बेहतर है। प्रत्येक वैरिएंट को अपने संबंधित सेगमेंट की विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। रविवार को निजी हॉटल में हुए कार्यक्रम की शुरूआत में साहिल लोहचब ने सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद किया और गाड़ी के फिचर के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह नवाचार, सुरक्षा, आराम और परफॉर्मेंस का मेल है जो आप एक एसयूवी में चाहते हैं। उन्होंने बताया कि हर वैरिएंट विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। एक्सयूवी 3एक्सओ टॉप लेवल सेफ्टी, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और असाधारण डिजाइन के साथ रोमांचक प्रदर्शन के मिश्रण के लिए महिंद्रा के समर्पण का उदाहरण है। बेहतर ड्राइवट्रेन विकल्पों, मजबूत लेवल 2 एड़ास सुविधाओं, सुरक्षा उपकरणों के सेट और उन्नत तकनीकी सुधार के साथ एक्सयूवी थ्रीएक्सओ को एक ऐसा ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है जो सुरक्षित और अपनी श्रेणी में आगे है। एक्सयूवी थ्रीएक्सओ की बुकिंग 15 मई से ऑनलाइन और साथ ही लोहचब महिंद्रा डीलरशिप पर शुरू होगी।



## बच्चे का प्रथम गुरु होती है मां: प्राचार्य अशोक दांगी

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। मदर्स डे के मौकेर पर विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की प्रथम शिक्षक अभिभावक मीटिंग भी आयोजित की गई। इस दौरान मासिक हवन भी किया गया। स्कूल के दिवंगत पूर्व संचालक स्वर्गीय मास्टर रणवीर सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनकी आत्मा शांति हेतु आहुतियां दी गई। समारोह में बच्चों के अभिभावक भी शामिल हुए। मदर्स डे पर काफी संख्या में बच्चों की माताओं को विद्यालय में बुलाया गया। बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए फोटो फ्रेम में माताओं के साथ फोटा खिचंवाए। प्रिसिंपल अशोक दांगी ने कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि मां बच्चे का प्रथम गुरू होती है। अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ मिल बैठकर बच्चे की प्रगति रिपोर्ट के बारे में चर्चा की। अशोक दांगी ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक बैठकें शैक्षिक संरचना का एक अनिवार्य तत्व हैं तथा स्कूली जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। शिक्षक- अभिभावक मीटिंग शिक्षकों को माता-पिता के साथ अनुशासन रणनीतियों पर चर्चा करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करते हैं। ऐसी सभी बैठकों में माता-पिता दोनों का शामिल होना महत्वपूर्ण है।



**महम।** मदर्स डे पर आर्य स्कूल मदीना का एक छात्र अपनी मां के साथ।

---

## वेद मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी माताओं के सम्मान में कविताएं, गीत, नृत्य आदि गतिविधियों प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

माताओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। उन्होंने लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर, जिग जैग रेस, थ्री लैग रेस, ब्लो बैलून आदि गतिविधियों में भाग लिया। अंजु को बैस्ट मदर का अवार्ड दिया गया। वहीं रूद्र की माता लीना ने दूसरा और वंश, हिमांशु की माता बाला रानी को तीसरा अवार्ड दिया गया। स्कूल डायरेक्टर उर्मिल बौदवाल व प्रधानाचार्या उषा रानी ने सभी को मदर्स डे की बधाई दी।




### बिजली कर्मचारी के घर में भड़की आग

**गोहाना।** शनिवार की रात को बलि ब्राह्मणान गांव में एक बिजली कर्मचारी के घर में अचानक आग लग गई। आग से भारी नुकसान हुआ। गनीमत यह हुई कि तब कर्मचारी की पत्नी अपनी पांचों बेटियों के साथ जेठ के घर में गई हुई थी। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका। गोहाना से गई फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग को नियंत्रित किया। अजय पुत्र सतबीर सिंह बिजली निगम में कार्यरत है। उसकी पोस्टिंग सिकंदरपुर माजरा गांव में है। वह बलि ब्राह्मणान गांव में रहता है। रात के 9 बजे उसके घर में अचानक आग लग गई।

## सही राम स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

द रॉयल सहीराम स्कूल में मातृशक्ति को सम्मान देते हुए मदर्स डे को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के माता-पिता ने भी मदर्स डे पर आयोजित समारोह में भाग लिया। बच्चों ने मातृशक्ति को समर्पित फिल्मी गानों पर जमकर डांस किया। बच्चों की प्रस्तुति इतनी मनमोहक व शानदार थी, जिसको देखकर दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। मातृ दिवस के मौके पर माताओं के लिए कुछ मजेदार गेम्स भी रखे गए, जैसे कि म्यूजिकल चेयर, जलेबी ईटिंग, सुपर मॉम नीडल एंड थैर्ड तथा बैलून रेस, आंखों पर पट्टी बांधकर अपने बच्चों को पहचाना आदि। जिसमें बच्चों की माताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों की सभी प्रस्तुतियां इतनी जबरदस्त थी जिनको देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप भारद्वाज, प्राचार्या शीला दूहन, वीरमति बामल, विना मैम, व विरेंद्र बामल ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विजेता माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रदीप भारद्वाज ने अपने संबोधन में मां को बच्चे का सबसे पहला गुरु बताया।




**महम।** मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में माताओं को पुरस्कृत करते हुए सही राम स्कूल के प्रबंधक व शिक्षक।

---

## अवैध शराब से भरी दो गाड़ियां पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। अब अपराध जांच शाखाओं द्वारा शराब से भरी दो गाड़ियां पकड़ी गई है। दोनों गाड़ियों से भारी मात्रा में अंग्रेजी व देशी शराब बरामद हुई है। दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है।

दरअसल, सीआईए-2 को सूचना मिली कि सोहटी की तरफ से एक शराब से भरा टैंपा आएगा, जो नाहरा-नाहरी रोड से होते दिल्ली जाएगा। इस सूचना पर टीम ने कानोंदा गांव में नाकाबंदी करी। जांच के दौरान एक टैंपो रुकवाया गया। जांच के दौरान उसमें शराब से भरी पेटियां पाई गई। देश व अंगेजी शराब की 29 पेटियां पाई गई। शराब से भरी गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। आरोपी चालक को भी हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान प्रदीप निवासी सोनीपत के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। वहीं, सीआईए-1 की टीम ने एचएल सिटी चौकी पुलिस के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार रुकवाई। इस कार में भी अवैध शराब की 15 पेटियां बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान अरदीप के रूप में हुई। दिल्ली के रोहिणी इलाके का रहने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने यह कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज हुए हैं।

#### अवैध देशी शराब की 12 पेटियों सहित एक पकड़ा

**बेरी।** पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध देशी शराब की 12 पेटियों सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। सीआईए प्रभारी सोमबीर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दूबलधन गांव में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान एक ब्रेजा गाड़ी को रूकवाते हुए चैक किया गया तो उसमें से अवैध देशी शराब की 12 पेटियां बरामद की गई है। आरोपी की पूछताछ में पहचान यश निवासी शहबाजपुर खालसा रिवाड़ी के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

## 98.8 प्रतिशत लेकर छात्रा निशा रही अव्वल

- 20 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और शारीरिक शिक्षा में शतक लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा, एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा के अनुसार छात्रा निशा पुत्री उमेश ने 98.8 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। प्रिया पुत्री दिनेश एवं मोनिका पुत्री जय भगवान 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व आयुष पुत्र राजेश ने 97.6 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। 29 विद्यार्थियो ने 90 प्रतिशत और 77 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 20 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और शारीरिक शिक्षा विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए । 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वालों में निशा, मोनिका, प्रिया, आयुष ,अंशु, प्रिंस, दीक्षा, इच्छा, योगिता, दिव्या शर्मा, आदित्य, नव्या, स्नेहा, दिशु, रोमित, ईशा,समीर, प्रिंस, भूमि, सायना , आर्यन, अक्षय, रौनक, तनीषा, भूमिका, गुंजन, कीर्ति, तनु और सुनैना शामिल रहे।



## जय मां गायत्री यज्ञशाला पर हवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जय मां गायत्री यज्ञशाला पर हवन का आयोजन किया गया। जीडी पुरोहित, चेष्टा, श्रीनिवास, अनिल, कमल, अजय, शिव, योगी, दीपशिखा, भोलू, पंडित सुनील वशिष्ठ, राधाकृष्ण आदि ने औषधि युक्त सामग्री से हवन किया। पंडित हरिओम वशिष्ठ ने कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि प्रत्येक कार्यों में हवन का विशेष महत्व है।

**गोली लगने से युवक की मौत: बहादुरगढ़।** गांव लोवा खुर्द के निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। असल वजह अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों के बयान के बाद मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी। एचएल सिटी चौकी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृक की पहचान करीब 25 वर्षीय दिनेश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर को दिनेश अपने घर से डेयरी पर गया था। दोपहर करीब चार बजे संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से उसकी मौत हो गई।

---

### निखिल ने 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया

# न्यू हरियाणा स्कूल के सभी छात्रों ने हासिल की मेरिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 26 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से सभी विद्यार्थी मेरिट के साथ उत्तीर्ण रहे। निखिल ने 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रितु ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और प्रिंस ने 90 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। स्कूल के निदेशक जेएस बूरा ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को बधाई दी। सभी को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गुलशन चावला, पूजा, ममता आदि मौजूद रहे।



### शत प्रतिशत रहा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

**रोहतक।** एसएम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम हर वर्ष की तरह शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की होनहार छात्रा सिमरन ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 93 प्रतिशत अंक लेकर कनिका और तनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिया मोर 92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त 27 छात्र छात्राओं ने मेरिट में स्थान हासिल करके विद्यालय का गौरव एवं मान बढ़ाया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक संजय सहरावत एवं प्राचार्या शालिनी सहरावत ने अध्यापकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। इस खुशी के अवसर पर विद्यार्थियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।


तनू


सिमरन


कनीका

### दसवीं का परिणाम रहा सराहनीय

**सांपला।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने रविवार को दसवीं का परिणाम घोषित कर दिया। जिसमें सरकारी व गैर सरकारी दोनों स्कूलों के परिणाम काफी अच्छे रहे। परिणाम को लेकर स्कूल संचालक के अलावा विद्यार्थी भी खुश नजर आए। कई स्कूलों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। गिझी राजकीय कन्या हाई स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कस्बे के शिवा हाई स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। भूमिका 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम रही। स्कूल की प्राचार्य राजेश कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को सफलता की बधाई दी।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- NURSING STAFF 10
- WARD BOY 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



रोहतक। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर का स्वागत करते हुए चुन्नीपुरा के लोग। फोटो : हरिभूमि

### हुड्डा ने कितनी बार उठाई रोहतक की आवाजः ग्रोवर

**रोहतक।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रहते हुए तो भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को तो भ्रष्टाचार से फुर्सत मिली नहीं और अब लोगों को समस्याओं के नाम पर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आखिर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा यह बताए कि उन्होंने दस साल तक गढ़ी सापंला किलोई या फिर रोहतक के विकास के लिए कितनी बार विधानसभा में आवाज उठाई है। रविवार को पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान के दौरान चुन्नीपुरा में सैनी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की।

### योग से शरीर रहता है स्वस्थ : सहगल

**रोहतक।** नेताजी सुभाष पार्क सुभाष नगर में निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। सरदार हवा सिंह सैनी व प्रदीप कुमार ने सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आरडब्ल्यूए के प्रधान प्रवीन सहगल ने बताया कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। योग गुरु सरदार हवा सिंह सैनी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। प्रवीन सहगल ने बताया कि शिविर 16 मई तक चलेगा। शिविर का समय सुबह शाम 5 बजे से 6:30 बजे तक रहेगा। इस अवसर पर राजू गांधी, राजेश मलिक, गुलशन परूथी, राजकुमार डंग, देसराज टक्कर, सुभाष मल्होत्रा, सावित्री डंग, वीरां जुनेजा, प्रेमप्रताप जुनेजा, रमेश मिगलानी, प्रदीप सहगल, संतोष चावला, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

# नहर में दो सौ क्यूसिक पानी पहुंचा 16 तक होगी एक समय सप्लाई

## विभाग ने भालौठ सब ब्रांच से पानी को जलघर में लिफ्टिंग किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कई दिनों के इंतजार के बाद आखिरकार रविवार को सिंचाई विभाग द्वारा भालौठ सब ब्रांच नहर में 200 क्यूसिक पानी छोड़ा गया। पानी को लिफ्टिंग कर जलघर में भेजा गया है, जहां से एक समय सप्लाई की जाएगी। दो जलघरों में पानी आ चुका है। इसके अलावा जहां पानी की दिक्कत ज्यादा है वहां पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं। जल संकट से उबरने के लिए अभी उस दिन का इंतजार है जब नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी आएगा। तब तक के लिए लोगों को संयम बनाकर रखना होगा।

शहर में दो सप्ताह से पेयजल की किल्लत चल रही है। नहरों में पानी खत्म होने के बाद जलघरों में केवल 40 फुट पानी ही बचा हुआ था जिससे अब तक काम चलाया गया। रविवार सुबह तक जलघर खाली हो गए थे तो अब नहर में पानी मंगवाया गया है। जिससे अधिकतर कॉलोनियों में एक समय पेयजल सप्लाई करवाई जाएगी। इसके अलावा जहां पानी नहीं पहुंचा, वहां के निवासी जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर पानी का टैंकर मंगवा सकते हैं। शनिवार को ही डीसी अजय कुमार ने जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन तरुण गर्ग, एसडीओ राजेश रोहिल्ला के साथ जलघर और नहरों का निरीक्षण किया था। उन्होंने जलघरों की कार्यक्षमता की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए थे। सिंचाई विभाग ने कहा है कि करीब 24 दिन के अंतराल पर नहरों में सप्लाई सामान्य हो पाएगी। 16 मई को नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी आ जाएगा।



**भेजे जा रहे हैं टैंकर**

टैंकर चालकों को गांधी कैंप, रैनकपुरा, जींद रोड सहित दर्जनों कॉलोनियों में भेजा गया। जहां से पानी की किल्लत की शिकायत आती है वहां टैंकर भेजे जा रहे हैं। दो सौ क्यूसिक पानी आने के बाद एक समय सप्लाई जरूर दी जाएगी। आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

-राजेश रोहिल्ला, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग

**11 बजे नहर में आया पानी**

सिंचाई विभाग से संपर्क किया गया था। दो सौ क्यूसिक पानी की डिमांड की गई थी। 11 बजे नहर में पानी आ गया है। जिसे जलघर में लिया गया है। अब कुछ दिन तक में हालात सामान्य हो जाएंगे।

-आरके शर्मा, एसई जन स्वास्थ्य विभाग



अनुष्का, तनवी शर्मा, कोमल व अनुष्का शर्मा

## वैश्य कन्या वमावि में अनुष्का-तनवी शर्मा 488 अंक लेकर रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें वैश्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 60 प्रतिशत छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की। अनुष्का एवं तनवी शर्मा 488 अंक के साथ विद्यालय में प्रथम, 476 अंकों के साथ कोमल द्वितीय और 475 अंकों के साथ अनुष्का शर्मा तृतीय स्थान पर रही। वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान नवीन कुमार, महासचिव श्यामलाल गर्ग, प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने छात्राओं, अभिभावकों और विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई दी एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्या रेखा गुप्ता ने बच्चों को भविष्य में भी इसी प्रकार का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### शिवा स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

**सांपला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को दसवीं का परिणाम जारी कर दिया। सभी स्कूलों का परिणाम अच्छा रहा। शिवा स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। परिणाम को लेकर स्कूल में खुशियां मनाई गई। बताया गया कि छात्र भूमिका ने 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉपर रही। इसके अलावा भी कई विद्यार्थी मेरिट में स्थान बना पाए। स्कूल की प्राचार्य राजेश कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को सफलता पर शिक्षकों को भी बधाई दी है।

## हरियाणा अपराधियों की शरणस्थली बना, हर रोज वारदातें हो रहीः दीपेन्द्र

**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में बढ़ते अपराध और नशे का सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी है। बड़े-बड़े गैंग, माफिया, अंडर एज शूटर पैदा हो गए हैं। आए दिन हो रही फायरिंग, फिरौती, हत्या, लूट जैसी संगीन घटनाओं से साबित होता है कि हरियाणा अपराधियों की शरणस्थली बन गया है। हर रोज वारदातें हो रही हैं। वे रविवार को बहादुरगढ़ के गांव लड़रावन, कुलासी, कनोन्दा, खैरपुर, मुकुंदपुर, बामनोली, बराही, सांखोल, वार्ड नंबर 31, वार्ड नंबर 20, वार्ड नंबर 21, वार्ड नंबर 7, परनाला, छोटू राम नगर, वार्ड नंबर 18, वार्ड नंबर 17, वार्ड नंबर 27, वार्ड नंबर 30, ओमैक्स सिटी आदि इलाकों में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। विधायक राजेन्द्र जून, राजस्थान की कांग्रेस विधायक डॉ. शिखा मील बराला मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि 2004 के पहले चौटाला सरकार में अपराधी जेलों से फिरौती मांगते थे वहीं आज बीजेपी राज में अपराधी जेलों से ही नहीं, विदेशों से बैठ कर भी फिरौती मांग रहे हैं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में 1 लाख रुपये देंगे। फौज की अग्निपथ योजना खत्म करेंगे और पहले की तरह पक्की भर्ती शुरू करेंगे। पहले से भर्ती अग्निवीरों को पक्का कराएंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार बनने पर केंद्र में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पद भर्ती भरोसा के तहत समयबद्ध तरीके से कैलेंडर के अनुसार भरेंगे तो हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा युवाओं को खाली पड़े सरकारी पदों पर समयबद्ध पक्की भर्ती करेंगे। इसके अलावा पढ़े-लिखे युवाओं की पहली नौकरी पक्की होगी, हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपये की अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे। पेपर लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां बनाएंगे। युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपये का नया स्टार्टअप फंड और गिग-वर्कर के लिए बेहतर काम-काजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे।





रोहतक। कार्यक्रम में पहुंचें नवीन जयहिंद। फोटो : हरिभूमि

### भगवान परशुराम सबके और न्याय के देवता

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद रविवार को सेक्टर 2 में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव में पहुंचें। जयहिंद ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम सबके और न्याय के देवता हैं। 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हें आवाज उठानी चाहिए। जयहिंद ने कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## दीपेन्द्र हुड्डा झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे : अरविंद शर्मा

**रोहतक।** भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी दीपेन्द्र हुड्डा को चैलेंज करते हुए कहा कि आखिर दीपेन्द्र हुड्डा बताएं कि दस साल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कितने कार्यक्रमों में शिरक्त और लोकसभा में कौन-कौन से मामले उठाए हैं। अरविंद शर्मा ने कहा कि बार-बार दीपेन्द्र हुड्डा झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि दीपेन्द्र हुड्डा कहते हैं कि पांच साल के दौरान भाजपा सांसद गांव में आए ही नहीं, जबकि उन्होंने पांच साल के अंदर 1929 कार्यक्रमों में शिरक्त की और प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया है। सांसद ने कहा कि वह तो कोरोनाकाल के दौरान भी लोगों के बीच में थे, दीपेंद्र हुड्डा ही गायब थे। रविवार को भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

प्रदेश में जितने भी बड़े प्रोजेक्ट पूरे हुए हैं, उन्हें भाजपा सरकार ने पूरा किया है, जबकि कांग्रेस ने प्रोजेक्टों को आधा अधूरा छोड़ दिया था। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने महम हांसी रेलवे लाइन व केएमपी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा चुनाव में बोगस पोलिंग नहीं होने देंगे। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कोसली शहीद एवं वीरों की भूमि है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि अहीर रेजिमेंट की मांग लोकसभा में भी उठाई और रक्षामंत्री के समक्ष भी रखी गई है। क्षेत्र के कई बड़े प्रोजेक्ट भी पाइप लाइन में हैं, चार जून के बाद तेजी से उन पर काम शुरू हो जाएगा। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका, राजकमल सहगल, तरूण सन्नी शर्मा, रामबीर भारद्वाज प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा।

### गुरु शंकराचार्य के उपकारों को भुलाया नहीं जा सकता



**रोहतक।** मॉडल टाउन स्थित श्री कैलाश आश्रम मॉडल में रविवार को आदि गुरु शंकराचार्य जयंती मनाई । आश्रम की उपाध्यक्षा डॉ. वीणा ने बताया कि गुरु शंकराचार्य के उपकारों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी वाणी पर साक्षात मां सरस्वती ही विराजती थी। 32 वर्ष की अल्पायु में आदि गुरु शंकराचार्य ने महान ग्रन्थों की रचना की। भारत की चारों दिशाओं में चार प्रधान मठ स्थापित किए एवं समग्र देश में सनातन धर्म की धवजा लहराई। डॉ. वीणा ने बताया कि इस अवसर पर भक्तों ने शंकराचार्य के विभिन्न स्त्रोतों का गान किया। इस अवसर पर कविंद्र चुग, जगदीश लाल मलिक, अनीता, कमला मित्तल, पिंकी मित्तल, ओम प्रकाश ढल आदि उपस्थिति रहे।

### सेक्टर दो में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**रोहतक।** सेक्टर दो में खनगवाल इलेक्ट्रो होम्योपैथी हेल्थ केयर सेंटर पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें इलेक्ट्रो होम्योपैथी के एक्सपर्ट डॉक्टर ने भाग लिया और कैंसर, गुर्दा रोग, पथरी, छाती की गांठ, थायराइड, बच्चेदानी की गांठ, जोड़ों का दर्द ,अस्थमा जैसी पुरानी से पुरानी बीमारियों का इलाज किया। कैंप के उद्घाटन में मुख्य अतिथि डॉक्टर महिपाल चैयरमैन एएमएमसी ऑफ इंडिया और रोनी रमन गायक रहे। डॉक्टर विनोद खनगवाल, डॉ उषा खनगवाल, डॉक्टर सुमन, डॉक्टर शिव कुमार, डॉक्टर एएस डांगी, डॉक्टर शिवानी, डॉ मुकेश दत्त, डॉ एस मलिक ने कैम्प में भाग लिया।

## महम कॉलेज में प्राध्यापकों को दी ऑडिट आयामों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

राजकीय महाविद्यालय महम के कांफ्रेंस हॉल में शैक्षणिक व प्रशासनिक ऑडिट पर दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य रोहित कुमार ने किया। इस वर्कशॉप में विषय विशेषज्ञ के तौर पर विस्तार व्याख्यान देने के लिए सांपला के चौधरी छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय से प्रिंसिपल डॉ. संतोष हुड्डा पहुंची।

डॉ. संतोष हुड्डा का कॉलेज पहुंचने पर प्राध्यापकों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के टीचिंग स्टाफ को शैक्षणिक व प्रशासनिक ऑडिट का प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञ डॉ संतोष हुड्डा ने इस दौरान कॉलेज में होने वाले ऑडिट के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय महम में कुछ दिन बाद होने वाले ऑडिट के क्रियान्वयन की बारीकियां भी समझाईं। उन्होंने प्राध्यापकों को रिकॉर्ड का रख रखाव करने, कॉलेज के विभिन्न विभागों का रिकॉर्ड और कॉलेज की ढांचागत सुविधाओं का ब्यौरा, आय व्यय का लेखा जोखा और फंड आदि के दस्तावेजों को सहजेकर रखने की ट्रेनिंग दी। डॉ. संतोष हुड्डा ने पहले दिन शैक्षणिक स्टाफ को यह ट्रेनिंग दी। सोमवार को वे कॉलेज के नॉन टीचिंग स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने कॉलेज के प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही महम का राजकीय कॉलेज मेंटर महाविद्यालयों की सूची में शामिल होने वाला है।



**ये रहे मौजूद**

इस वर्कशॉप में आईक्यूएससी संयोजिका डॉ. शिल्पी, डॉ. सुमेर सिवाच, डॉ. विशाल नहरा, डॉ. वर्षा, मनीषा हुड्डा, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. सरिता, दीपक कुमार, फूल कुमार, रोमी व निधि आदि प्राध्यापक मौजूद थे।

## भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के विद्वानः कालीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति सेक्टर दो द्वारा रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह हवन यज्ञ के साथ हुआ। इसके बाद सभी अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। डॉ. ममता शर्मा व उर्वशी शर्मा ने गणेश वंदन किया। कार्यक्रम में कालीदास महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद महाराज व महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र महाराज का पावन सानिध्य रहा। सेवानिवृत्त प्राचार्य हरिपाल कौशिक ने मुख्यवक्ता के रूप में शिरकत की।

मंच संचालन डॉ. कपिल कौशिक ने किया। कालीदास महाराज ने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों के विद्वान हैं। उन्हें राम के काल में भी देखा गया और कृष्ण के काल में भी। महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद महाराज ने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र महाराज ने कहा अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। पुराण में उल्लेख है कि इस दिन युगादि तिथियों की गणना होती है। इस मौके पर भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति के प्रधान एडवोकेट ललित कौशिक, वरिष्ठ उपप्रधान हरिकिशन भारद्वाज, उपप्रधान ओमकार पाराशर, महासचिव डॉ. कपिल कौशिक, ओमप्रकाश भारद्वाज, डॉ. रामेश्वर शर्मा, बीएस कौशिक, महेंद्र शर्मा पूर्व डीएसपी, समेराम शर्मा पूर्व एसपी, एडवोकेट आजाद अत्री, एडवोकेट रामकरण अत्री, डॉ. आरपी शर्मा, एडवोकेट श्रीभगवान वशिष्ठ, श्रीभगवान कौशिक, सतनारायण कौशिक, रणधीर भारद्वाज, नफे सिंह कौशिक, रामकिशन कौशिक, पवन शर्मा, जयकिशन शर्मा, एडवोकेट करुण भारद्वाज, डॉ. एसके गौड़, डॉ. जेएन शर्मा, शिवकुमार शर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### हरिओम सेवा दल ने करवाया आयोजन

# होम्योपैथिक कैंप में 82 ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरिओम सेवा दल द्वारा माता सुशीला देवी जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष में उनकी स्मृति में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ होम्योपैथिक फिजिशियन हरियाणा के सौजन्य से सेरेब्रल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म, बोलने सुनने और मंदबुद्धि जैसे रोग ग्रस्त बच्चों के लिए होम्योपैथिक कैंप लगाया गया। सेक्टर चार स्थित पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर सहारा आश्रम में लगाए गए कैंप का शुभारंभ संध्या जैन पत्नी राजेश जैन एमडी एलपीएस बोसार्ड, दीपा जैन पत्नी विजय जैन यूपीएस, रघुवीर शर्मा हनुमानगढ़ राजस्थान एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया गया।

होप फॉर होपलेस दिव्यांग कैंप में होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर दिलीप सोनी जयपुर, डॉ. जसवंत अजमेर, डॉ. विनोद मेव जयपुर, डॉ. सुरेश जयपुर, डॉ. चंद्र मोहन जयपुर, डॉ. जया शर्मा दिल्ली, डॉक्टर जयदेव शर्मा यमुनानगर, डॉ. नवनीत बिदानी हिसार, डॉ. सौरव शर्मा, डॉक्टर गुंजन, डॉक्टर दिव्या, डॉक्टर अंजली शर्मा, डॉ. प्रीति पटवा एवं न्यूरोसर्जन डॉ. विनोद मलिक, नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुमित सचदेवा, रक्त विकार विशेषज्ञ डॉक्टर अलका यादव, डॉ. कुंदन मित्तल एमएस पीजीआई रोहतक एवं जेआर किसान कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा 82 बच्चों की जांच की गई। हरि ओम सेवा दल के प्रधान होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि हर वर्ष यह कैंप तीन बार लगाया जाता है, जिसमें दिव्यांग बच्चों को निशुल्क दवाइयां भी दी जाती हैं। डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि जो बच्चे बिल्कुल चल नहीं सकते थे, अब वह चलने लगे हैं, सुनने व बोलने लगे हैं।



रोहतक। बच्चों को सम्मानित करते हुए संध्या जैन, दीपा जैन यूपीएस, रघुवीर शर्मा हनुमानगढ़ राजस्थान व डॉ दिलीप सोनी। फोटो : हरिभूमि

**चखा प्रसाद**

निशुल्क होम्योपैथिक कैंप के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया, इस मौके पर हरिओम सेवा दल विजय खुराना, संजय खुराना, योगेश अरोड़ा, देवेंद्र शर्मा, एनके भुटानी, जगत सिंह गिल, तस्वीर सिंह हुड्डा, हरीश दुआ, ऋषि चोपड़ा, रवि सोहलआदि मौजूद रहे।



महम। जाट महासभा महम की बैठक में भाग लेते सभा के पदाधिकारी व सदस्य।

## नहरा जाट महासभा के उपप्रधान व बलजीत सिंह को बनाया सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

रविवार को जाट महासभा की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामनिवास आर्य ने की। इस दौरान पूर्व पार्षद कृष्ण नहरा को उपप्रधान बनाया गया। बलजीत सिंह को सचिव, वजीर सिंह को प्रैस सचिव और अमरजीत को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। पूर्व पार्षद कृष्ण नहरा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कुछ प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें महम क्षेत्र में चल रही सामाजिक कुरीतियों खासकर नशे पर अंकुश लगाना, दहेज प्रथा बंद करना, जातिगत भेदभाव और खूनी गैंगवार को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। रामनिवास आर्य ने कहा कि जाट समाज के लोगों ने जाट महासभा का गठन किया है। जाट समाज के समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न विभागों से सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों को जाट महासभा से जोड़ा जाएगा। सभी के अनुभवों का लाभ लेते हुए इलाके से सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए बीड़ा उठाया जाएगा।